आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 28.05.2026 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया है।
- चारधाम और हेमकुण्ड साहिब यात्रा में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, 23 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन।
- राजधानी देहरादून में कल ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के दौरान गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं और हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

## स्वच्छ भारत मिशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि नियमित निगरानी, जनभागीदारी और विभिन्न पक्षों के समन्वय से ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। श्री मोदी ने नई दिल्ली में 51वीं प्रगति बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने राज्यों से कचरा प्रसंस्करण और गोबरधन संयंत्रों सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में रेलवे, बिजली और सड़क क्षेत्रों की लगभग 30 हजार करोड़ रुपये लागत वाली सात महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

## चारधाम यात्रा

राज्य में चल रही पवित्र चारधाम और हेमकुण्ड साहिब यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। यात्रा शुरू हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है और अब तक लगभग 23 लाख 65 हजार से अधिक श्रद्धालु चारधामों के दर्शन कर चुके हैं।

गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरुप ने बताया कि चारधाम यात्रा पर पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम से प्रतिदिन यात्रा मार्गों और धामों में उमड़ रही भीड़ की लगातार निगरानी की जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि धामों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवस्थाओं को लगातार और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके।

## ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन

देहरादून में कल ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन, रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज और दून विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित हो रहा है। सम्मेलन भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के निर्माण" पर केंद्रित रहेगा।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को मुख्य सचिव आनंद बर्धन संबोधित करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का विशेष वीडियो संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव और ब्रिक्स उप–शेरपा शंभू एल. हक्की कार्यक्रम में मुख्य संबोधन देंगे।

पर्यावरण अनुसंधान और हिमालयी जलवायु अध्ययन के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान रखने वाला देहरादून इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के प्रमुख विद्वान, नीति विशेषज्ञ और विचारक शामिल होंगे। इसमें हरित औद्योगिक परिवर्तन, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण और जलवायु वित्त जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

ईद

ईद–उल–अज़हा, आज देश के विभिन्न हिस्सों में पूरे धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनायी जा रही है। इसे बकरीद भी कहा जाता है। नमाजियों ने ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। ईद–उल–अज़हा पैगंबर इब्राहिम द्वारा ईश्वर के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की इच्छा को याद करने के लिए मनाया जाता है।

प्रदेश में भी ईद पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

बागेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी और आयुर्वेदिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

योग गुरु केवलानंद जोशी ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन की प्राचीन भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि योग मानसिक एकाग्रता बढ़ाने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने में भी सहायक है।

आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. एंजल पटेल ने कहा कि आयुर्वेद और योग एक–दूसरे के पूरक हैं। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि योग दिवस को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आगामी 3 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों के दौरान उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने, झोंकेदार हवाएं चलने और ओलावृष्टि की संभावना है। पेश है एक रिपोर्ट––

देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि होने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी कहीं–कहीं गर्जन के साथ बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

वहीं कल उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में तेज हवाओं, आकाशीय बिजली और ओलावृष्टि के साथ भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

मौसम विभाग ने 30 और 31 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों को सतर्क रहने और आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आपदा प्रबंधन और पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं से दूर रहने की अपील की है।

**'हेलो हेल्प' हेल्पलाइन**

पिथौरागढ़ जिले में शासन–प्रशासन द्वारा शुरू की गई 'हेलो हेल्प' हेल्पलाइन आम लोगों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनती जा रही है। इसके माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि हेल्पलाइन पर प्रतिदिन करीब 15 से 20 शिकायतें दर्ज हो रही हैं और अब तक 200 से अधिक शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से 25 मामलों का पूर्ण निस्तारण किया जा चुका है, जबकि आधे से अधिक शिकायतें निस्तारण की अंतिम दौर में हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि उनका गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान करना है।